## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 04.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **बिलासपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छठवें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद।**
- **बीजापुर जिले के भैरमगढ़ इलाके में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़कर अट्ठारह हुई।**
- **एसआईआर के तहत प्रदेश में अब तक अंठानवे प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है।**
- **बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा जिले में कल "आपकी पूंजी आपका अधिकार" शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

### बिलासपुर–दीक्षांत समारोह

बिलासपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय का छठवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। समारोह में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल रमेन डेका ने की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित थे। समारोह में चौंसठ शोद्यार्थियों को शोध उपाधि, बयानवे विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और छत्तीस हजार से अधिक स्नातक तथा स्नातकोत्तर की उपाधि प्रदान की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद ने स्नातक छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें शिक्षा, आत्मविश्वास, संकल्प और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्म–प्रबंधन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और प्रभावी संचार जैसी क्षमताओं के विकास की आवश्यकता पर बल दिया।

वहीं, राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि विद्यार्थियों के पास असीम अवसर और व्यापक संभावनाएं हैं और शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे जीवन में ऐसा कार्य चुनें, जिसमें तनाव कम हो, पारदर्शिता हो और जिससे स्वयं, समाज और राष्ट्र का सकारात्मक परिवर्तन संभव हो। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है, जो आपको विनम्र बनाए, सच्चा ज्ञान वही है, जो आपको जिम्मेदार बनाए और सच्ची सफलता वही है, जो आपके काम आए।

### लोकसभा–आदिवासी

केंद्र सरकार ने **"धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान"** के तहत देशभर के जनजातीय गांवों के विकास के लिए अस्सी हज़ार करोड़ रुपये आबंटित किए हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में, जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य तिरसठ हज़ार से ज़्यादा गांवों में बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करना है, जिससे स्वास्थ्य, शिक्षा और बिजली की पहुंच में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने जनजातीय लोगों के कल्याण के लिए इतनी बड़ी धनराशि आबंटित की है।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नई दिल्ली में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सौ दिन के गहन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिला और बाल विकास मंत्री ने कहा कि सरकार ने वर्ष दो हजार तीस तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि समाज, समुदायों और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से देश, बाल विवाह मुक्त भारत बनने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

**हमारी संवेदनशील नीतियों और समुचित अवसरों ने उन्हें अटूट विश्वास दिया है कि आज हर बेटी की आवाज गूंज रही है। मुझे पढ़ना है, मुझे बढ़ना है और मुझे खुशी है कि सरकार, समाज और परिवार सभी मिलकर इस आवाज को मजबूत कर रहे हैं और यह शुभ संकेत है। हमें और अधिक दृढ़ता के साथ बेटियों के हित में काम करने के लिए प्रेरित कर रहा है और यह हमारे लिए बड़ी खुशखबरी है कि छत्तीसगढ़ का सूरजपुर जिला बाल विवाह मुक्त जिला बन गया है।**

इस अभियान के अंतर्गत स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और पंचायतों में कई जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह अभियान अगले वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाप्त होगा।

**मुख्यमंत्री—मोहला/मानपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल मोहला—मानपुर जिले के अंबागढ़ चौकी में आयोजित जनजाति गौरव दिवस और प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने चार सौ पचहत्तर करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। श्री साय ने अंबागढ़ चौकी को राजस्व अनुभाग बनाने और यहां सर्व—सुविधायुक्त ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं के खाते में बाईसवीं किस्त की राशि का अंतरण भी किया। कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेय ने भी संबोधित किया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनजातीय समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

**माओवादी मुठभेड़/आईईडी बरामद**

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ इलाके में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की संख्या बढ़कर अट्ठारह हो गई है। इनमें नौ महिला माओवादी भी शामिल हैं। घटनास्थल से सुरक्षा बलों ने एलएमजी, एके—फोर्टी सेवन, एसएलआर, इंसास रायफल, तीन सौ तीन बोर की बंदूक, रॉकेट लॉन्चर के साथ ही ग्रेनेड, रेडियो, स्कैनर, माओवादी साहित्य और बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। इस मुठभेड़ में तीन जवान भी शहीद हुए थे, जिन्हें आज बीजापुर स्थित नये पुलिस लाईन में श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद जवानों के शवों को उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया गया। वहीं, घायल दो जवानों का इलाज रायपुर में चल रहा है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुदरराज पी. ने बताया कि यह मुठभेड़ तेईस घंटे तक चली। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में आठ लाख रूपये का इनामी माओवादी कंपनी नंबर—दो का कमांडर वेल्ला मोड़ियम भी मारा गया है। इधर, नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र से आज सुरक्षा बलों ने तीन आईईडी बरामद किए हैं। सुरक्षा बल के संयुक्त दल ने माओवादियों द्वारा लगाए गए तीनों आईईडी को बरामद कर उसे मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

**एसआईआर**

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान—एसआईआर के तहत प्रदेश में अब तक लगभग दो करोड़ आठ लाख छियालीस हजार से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जो कुल प्राप्त गणना प्रपत्रों का अंठानवे दशमलव एक—नौ प्रतिशत है। बस्तर जिले में एसआईआर के तहत बूथ लेवल अधिकारी—बीएलओ मतदाताओं के घर—घर जाकर गणना प्रपत्र एकत्र करने का कार्य कर रहे हैं। बस्तर कलेक्टर हरीश एस. ने बताया कि जिले में करीब संतानवे प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है।

**आपकी पूंजी आपका अधिकार—शिविर**

बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा जिले में कल पांच दिसंबर को **"आपकी पूंजी आपका अधिकार"** शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का उद्देश्य वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना और लोगों को बैंकिंग सेवाओं के प्रति जागरूक करना है। शिविर के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों, बैंकों और वित्तीय साक्षरता टीमों के प्रतिनिधि परामर्श, सहायता और आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन की सुविधा प्रदान करेंगे। वहीं, लोगों को बैंक खाते खोलने, आधार लिंकिंग, डिजिटल लेनदेन के साथ ही प्रधानमंत्री जन—धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन जैसी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा सुरक्षित बैंकिंग, साइबर सुरक्षा, बचत और निवेश तथा शिकायत निवारण तंत्र पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई है। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। अंबिकापुर में सबसे कम न्यूनतम तापमान छह दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, माना में न्यूनतम तापमान दस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रहा। रायपुर सहित कुछ शहरों में कोहरा छाया रहेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

– आज नौसेना दिवस है। भारतीय नौसेना की उपलब्धियों और भूमिका के सम्मान में प्रत्येक वर्ष चार दिसंबर को यह दिवस मनाया जाता है।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में सत्रांत परीक्षा एक दिसंबर से शुरू हो गई है। यह परीक्षा अगले वर्ष चौदह जनवरी तक चलेगी।

– पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए तेरह दिसंबर को चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>